## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को नशामुक्ति की दिलाई शपथ

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ग्राम देवराकला के स्कूल में आयोजित नशा मुक्ति अभियान की कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने छात्रों से कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। जिससे इंसान के अनमोल जीवन को क्षति पहुंचती है। इसके अलावा नशीले पदार्थो के सेवन से मानसिक और आर्थिक परेशानी के साथ ही सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि नशा की कुरीति को समाप्त करने के लिए समाज के प्रबुद्धजनों को आगे आना होना। इसके बाद कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्कूली छात्रों सहित उपस्थित ग्रामीण जनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

### सर्प के काटने से वृद्धा सहित युवक की मौत

**कटनी।** सापं के काटने से एक वृद्ध महिला सहित एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्यवाही कर मर्ग दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बरही थाना के खितौली चौकी अंतर्गत आने वाले सलैया सिहोरा निवासी इमरती बाई पति भंडारी भुमिया 58 की सर्प दंश से मौत हो गई। वहीं दूसरे मामले में जिला अस्पताल में सर्पदंश के बाद इलाज करवाने आए युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि युवक विजय सिंह पिता अमान सिंह 42 निवासी मगरपुरा पवई सर्पदंश के बाद इलाज करवाने जिला अस्पताल में भर्ती था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में अस्पताल चौकी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि बारिश के मौसम में सर्प दंश की घटनाएं बढ़ गई हैं।

### अलग अलग स्थानों से तीन सटोरिये पकड़ाए



**कटनी।** सट्टा पर्ची काटने वाले सटोरियों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में सट्टा पट्टी के साथ पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत जगन्नाथ चौक के पास स्थित मसुरहा घाट में शंकर सिंह पिता राममिलन सिंह निवासी नदी पार को पुलिस ने सट्टा पट्टी के साथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 360 रुपए नगर जब्त किए। वहीं उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम पकरिया में पुलिस ने लोचन पटेल निवासी ग्राम पकरिया थाना को एक सट्टा पट्टी नगदी 315 रुपए के साथ पकड़ा है। पुलिस ने मामले कार्रवाई करते हुए मामले को जांच में लिया है। इसी तरह बाकल थाना अंतर्गत राम सिंह लोधी निवासी बाकल को पुलिस दो सट्टा पट्टी, नगदी 350 रूपए के साथ पकड़ा है।

---

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में एक माह से परेशान हो रहे किसान, बाजार से महंगे दामों में खरीद रहे

## प्रशासन का दावा जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध, हकीकत में भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा




ढीमरखेड़ा क्षेत्र के किसानों को सहकारी समितियों की दुकान से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है इस कारण से किसान अपनी खेती समय से नहीं कर पा रहा। किसान 1 माह से सहकारिता दुकान के चक्कर काट रहा जबकि कर्मचारियों के द्वारा उनका परमिट सहकारिता की कर्मचारियों के द्वारा कटे हुए इसके बाद भी खाद नहीं मिल पा रही कर्मचारियों से पूछने पर बताया जा रहा है कि हम लोगों के द्वारा कागजी कार्यवाही कर दी गई है पर ऊपर से ही हमें खाद नहीं मिल रही इस कारण से किसानों को परमिट में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि अगर समय से खाद उपलब्ध नहीं होने से फसल में इसका सीधा असर पड़ रहा है क्योंकि किसानों ने अपने खेतों में धान की रोपाई का कार्य एवं धान की बोनी समय निकल रहा है इसका असर सीधी फसल की पैदावारी पर पड़ता है

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में खाद बीज को लेकर किसान परेशान है। खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा जबकि धान की बोनी व रोपाई का कार्य प्रारंभ हो गया है एक-एक माह से सहकारिता समिति में खाद आने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन आज तक उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हुई है। ढीमरखेड़ा में कर्मचारियों के द्वारा किसानों के सैकड़ो परमिट कटे हुए रखे हैं जानकारी लेने पर पता चला कि जिले से ही हमें खाद नहीं मिल पा रही

### महंगी खाद खरीदने मजबूर

सहकारी समिति के द्वारा खाद न मिलने के कारण किसान बाजार से महंगे दामों में खाद खरीदने में मजबूर है। बाजार में खाद की कीमत दुगने दामों में मिल रही है। किसानों का कहना है कि बाजार में डीएपी की कीमत 1550 से 1600 रुपए और यूरिया खाद की कीमत 400 से 450 रुपए है इस दर पर व्यापारी लोग चांदी काट रहे हैं और किसान लुट रहे है। कलेक्टर से किसानों ने मांग की है कि ढीमरखेड़ा क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराऐ ताकि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो सके।

### प्रशासन का दावा, जिले मे पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध

9 जुलाई को जिला प्रशासन द्वारा यह जानकारी दी गई थी कि जिले की सहकारी समितियों, विपणन संघ, एमपी एग्रो और निजी विक्रेताओं को मिलाकर 20 हजार 6 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता मौजूद है। किसानों को उनकी मांग और जरूरत के मुताबिक पर्याप्त उर्वरक दिया जाएगा। उपसंचालक कृषि ने बताया था कि जिले में सर्वाधिक मात्रा मे 11 हजार 920 मीट्रिक टन यूरिया, एस.एस.पी उर्वरक 1 हजार 784 मीट्रिक टन और पोटास 95.75 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसके अलावा डी.ए.पी उर्वरक 1 हजार 582 मीट्रिक टन और एनपीके रासायनिक उर्वरक 4 हजार 625 मीट्रिक टन उपलब्ध है। कृषि विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जिले की सहकारी समितियों मे 2 हजार 884 मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के उर्वरक उपलब्ध है। इसी प्रकार विपणन संघ के पास 3 हजार 587 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक एवं एमपी एग्रो के पास 108 मीट्रिक टन तथा निजी क्षेत्र के विक्रेताओं के पास विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरक 13 हजार 428 मीट्रिक टन उपलब्ध है।

किसानों को सतत आपूर्ति और मांग के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर अवि प्रसाद ने अधिकारियों को पहले ही निर्देशित किया हुआ है।

---

## शासकीय शिक्षक संगठन ने की कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता बढ़ाने हेतु अनुमति का मामला गरमाया**

वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग में जबसे उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ हुई है, शासकीय शिक्षकों द्वारा अपनी शैक्षणिक योग्यता बढ़ाने के लिए परीक्षा में बैठने की अनुमति को लेकर बहुत ही असहज स्थिति बनी हुई है । प्रदेश में उक्त अनुमति के लिए केवल जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी अनुमति को ही वैधानिक माना जा रहा है । मध्यप्रदेश शिक्षा संहिता के नियम 29 में भी इस बात का विस्तृत उल्लेख है कि मध्यप्रदेश शिक्षा संहिता के नियम 29 के बिंदु क्रमांक 4 (1) के अनुसार पूर्व प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों के लिए यह स्वीकृति जिला शिक्षा अधिकारी देंगेएवं नियम 4(2) के अनुसार उच्चतर माध्यमिक शालाओं के लिए यह स्वीकृति शाला के प्राचार्य देंगे ।

उक्त समूचे प्रकरण में शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे का मानना है कि अनुमति के इस प्रकरण में नियम का पालन न होने पर गलती किसी शिक्षक की नहीं बल्कि सम्बंधित संकुल प्राचार्य, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित उन अन्य अधिकारियों की है जिनने अपने अधिकारों से ऊपर जाकर शिक्षक को अनुमति दी । क्योंकि संबंधित अधिकारी को तो शिक्षक के आवेदन को जिला शिक्षा अधिकारी की ओर अनुसंशा सहित अग्रेषित करना था ।

### शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वैसे भी यह उच्च पद के प्रभार की प्रक्रिया है, पदोन्नति नहीं । इसमें संबंधित शिक्षक को किसी भी प्रकार का न तो आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है और न ही कोई स्थायी लाभ । अतः उक्त के संबंध में संबंधित शिक्षकों को उच्च पद प्रभार की काउंसलिंग में वर्तमान अनुमति को वैधानिक मानकर सम्मिलित करते हुए सम्बंधित अनाधिकृत रूप से अनुमति प्रदान करने वाले अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जावे ।

---

**विजयराघवगढ़ तहसील का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण**

## लंबित राजस्व प्रकरणों पर जताई नाराजगी, छात्रावास का संचालन शुरू कराने हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद ने किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय -सीमा मे निराकरण सुनिश्चित कराने के लिए जिले मे गुरूवार से शुरू होकर 31 अगस्त तक संचालित होने वाले राजस्व महाअभियान - 2.0 के पहले ही दिन विजयराघवगढ़ संयुक्त तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने संयुक्त तहसील कार्यालय पहुंचकर आलमारियों से स्वयं राजस्व अभिलेखों की नस्तियां निकालकर निरीक्षण किया और बड़ी संख्या मे लंबित राजस्व प्रकरणों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने निर्देशित किया कि अनरजिस्टर्ड प्रकरणों को दर्ज करें और पटवारी रिपोर्ट की प्रत्याशा में लंबित प्रकरणों का जल्दी से जल्दी निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने विजयराघवगढ़ क्षेत्र के अपने भ्रमण के दौरान दो कराड़ 89 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन शासकीय आईटीआई भवन विजयराघवगढ़ के भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया और भवन में लाईट व्यवस्था आदि की फिटिंग कार्य पूरा कर तय समय-सीमा अगस्त माह तक हर हाल में विभाग को भवन का हस्तांतरण किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन आईटीआई भवन की निर्माण एजेंसी परियोजना क्रियान्वयन ईकाई है। इस दौरान कार्यपालन यंत्री श्री पोनिकर और एस.डी ओ डी.के.मिश्रा उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने विजयराघवगढ में सर्व शिक्षा अभियान के तहत 1 करोड़ 38 लाख रूपये की लागत से बनकर तैयार हुए छात्रावास भवन का भी निरीक्षण किया और इसे हैंडओवर करने के निर्देश देते हुए यहां छात्रावास का संचालन शुरू करानें की हिदायत दी।

निरीक्षण के दौरान एस.डी एम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई, तहसीलदार विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला, नायब तहसीलदार सिनगौडी प्रसन्न कुमार वर्मा मौजूद रहे।

---

## अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



अतिथि शिक्षकों ने भविष्य सुरक्षित करने की मांग को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम कटनी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने बताया कि विभागीय परीक्षा से लेकर कार्य अनुभव का लाभ दिए जाने, 12 माह का कार्य और 62 वर्ष की आयु तक सेवा काल नियमितीकरण किए जाने, 2 सितंबर 2023 को भोपाल में आयोजित महापंचायत में दिए गए आश्वासन के अनुसार शिक्षक चयन परीक्षा के सभी वर्गों में बोनस अंक दिए जाने, उच्च शिक्षा विभाग के अतिथि विद्वानों के समान कार्य अनुभव के बोनस अंक देकर मेरिट लिस्ट जारी किए जाने सहित अन्य मांग की गई है। उन्होंने बताया कि मांगों के पूरा नहीं होने पर अतिथि शिक्षक भोपाल में धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जवाबदारी सरकार की होगी।

---

## अभिनव पहलः बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं को मिलेगी आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आपकी सेवा हमारा कर्तव्य के बैनर तले निर्मित नव समाजसेवी संस्था साध्वी जन कल्याण समिति द्वारा किसानो, महिलाओ, बेरोजगारो के लिए एक नई पहल की गयी है. जिसमे आर्थिक सहायता के साथ - साथ,दुर्घटना सहायता राशि व अनुबंधित खाद-बीज की दुकान पर कृषि संबंधी खरीद पर 10 से 20% तक छूट प्रदान की जाएगी। इस संबंध में संस्था की अध्यक्ष साध्वी निगम ने जानकारी देते हुए बताया की संस्था द्वारा किसानों के लिये किसान अन्दादाता कॉर्ड योजना शुरू की गई है। जिसमे किसान,महिलाओं को तीन हजार रुपये वार्षिक आर्थिक सहायता के साथ. किसान एवं माहिला को 2 लाख तक दुर्घटना सहायता राशि, अनुबंधित नजदीक खाद-बीज की दुकान पर कृषि संबंधी खरीद पर 10 से 20% तक छूट मिलेगी।

### प्रताड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता

इस संस्था के द्वारा महिलाओं के लिए खास कदम उठाते हुए घरुले हिंसा से प्रताड़ति एवं पति या परिवार द्वारा प्रताड़ित महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता भी प्रदान की जाएगी। उद्यमी महिलाओं को प्रेरित करने के साथ अपना व्यवसाय शुरू करने हेतु भी सहायता प्रदान करने के साथ बेरोजगारों के लिये भत्ते के साथ साथ उपलब्ध नौकरियों की जानकारी के साथ आस-पास के क्षेत्रहित व समाजहित के कार्य भी इस संस्था के द्वारा किये जायेंगे पत्रकार वार्ता मे समिति की अध्यक्ष साध्वी निगम उमा यादव अभय निगम सहित समिति क़े सदस्य मौजूद रहे।

---

**प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनेंगी जिले की बेटियां**

## जिले की 79 युवतियों को प्रशिक्षण हेतु हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण एवं नियोजन के तहत जिले के बेरोजगार युवक - युवतियो को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मिशन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम मे गुरूवार को मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल से अनुबंधित संस्था राजस्थान स्पीनिंग एवं वेवरिंग मिल लिमिटेड जबलपुर मे 04 माह के आवासीय प्रशिक्षण हेतु 79 युवतियों को शबाना बेगम, जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रशिक्षण हेतु रवाना किया गया ।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रो मे निवासरत शिक्षित बेरोजगार युवातियों को आत्मनिर्भर बनाने के उददेश्य से लगातार मोबिलाईजेशन एवं काउन्सिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इस आयोजन मे बडी संख्या मे युवक एवं युवतियो के साथ-साथ अभिभावक भी शामिल हो रहे है। जिसमे उन्हे प्रशिक्षण सह नियोजन कार्यक्रम के बारे मे विस्तार से जानकारी दी जा रही है

### स्पेशल बस से किया रवाना

प्रशिक्षण हेतु गुरूवार को जिले से कुल 79 युवतियों जिसमें जनपद पंचायत बड़वारा से 20, बहोरीबन्द से 24, कटनी एवं विजयराघवगढ़ से 12-12, एवं जनपद पंचायत रीठी से 11 युवतियों को 04 माह के आवासीय प्रशिक्षण हेतु स्पेशल वाहनों से जबलपुर रवाना किया गया । इस दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन से कमलाकर मिश्रा, जिला प्रबंधक कौशल, संजय सोंधिया जिला प्रबंधक मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, प्रियंका गुप्ता युवा सलाहकार, प्रदीप जैन आदि उपस्थित रहे।

---

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में प्रस्तावों पर हुई चर्चा

## निर्माण एवं विकास कार्यों की बनाई कार्ययोजना, विकास को लगेंगे पंख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों की सहूलियत और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आगामी वर्ष हेतु कार्य योजना जिला पंचायत की सामान्य सभा में तैयार कर प्रस्तुत की गई, इससे विकास कार्यों को न केवल पंख लगेंगे बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलने के साथ निर्माण कार्यों को भी गति मिलेगी। गुरुवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शामिल कार्य योजना के अनुसार आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वें वित्त आयोग की राशि से निर्माण एवं विकास कार्यों को कराया जाएगा। बैठक में पूर्व की बैठक के पालन प्रतिवेदन के संबंध में सदन को विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पूर्व विभागीय अधिकारियों के परिचय के उपरांत सदन की कार्रवाई अध्यक्ष की अनुमति से प्रारंभ हुई।

जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमति सुनीता मेहरा ने जिला पंचायत सभा कक्ष के जीर्णोद्वार के पश्चात आकर्षक साज सज्जा युक्त सभागार का जन प्रतिनिधियों, जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत और अधिकारियों की मौजूदगी में लाल फीता काटकर लोकार्पण किया। आपको बता दें कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा निर्माण एजेंसी द्वारा पंद्रहवें वित्त आयोग की राशि से स्वीकृत पीवीसी, सीपेज ट्रीटमेंट, सीलिंग वर्क, एल्यूमीनियम वर्क, ग्रेनाइट फ्रेम, विद्युतीकरण कार्य के साथ फिनिशिंग का कार्य भी अत्याधुनिक सुविधाओं और तकनीक के साथ कराया गया है।

### विगत वर्षो के स्वीकृत कार्यों की वन टू वन हुई समीक्षा

सामान्य सभा की बैठक में जन प्रतिनिधियों द्वारा पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत विगत वर्ष 2020-21 से लेकर वर्ष 2023-24 तक के स्वीकृत कार्यों की वन टू वन समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से विस्तार से सदन को स्वीकृत कार्यों की प्रगति और अद्यतन जानकारी से अवगत कराया गया। सीएमएचओ के सामान्य सभा की बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण सदन द्वारा सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

आयोजित बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत,अजय कुमार गोंटिया, प्रदीप त्रिपाठी, प्रेमलाल केवट, कविता राय, प्रिया सिंह, सोनू पप्पू मिश्रा, रीना लोधी,माला मौसी, संगीता देवी, जनपद पंचायत अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, और विभागीय शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास,आरईएस, उद्योग और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की उपस्थिति रही।

---

निगम अध्यक्ष ने आयुक्त को लिखा पत्र, कलेक्टर व एसपी को भेजी प्रतिलिपि

## स्पा सेंटरों की जांच के लिए पुलिस एवं ननि की संयुक्त टीम हो गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरपालिक निगम कटनी सीमांतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्पा सेंटर संचालित है। स्पा सेंटर की अनैतिक गतिविधियों के संबंध में लगातार दैनिक समाचार पत्रों में भी खबर प्रकाशित हो रही है, स्पा सेंटरों की खबरों से कटनी की छवि धूमिल हो रही है । विषय की गंभीरता को देखते हुए निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें शहर में संचालित स्पा सेंटरों की संयुक्त जांच कमेटी गठित करते हुए आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु आयुक्त को पत्र लिखते हुए प्रतिलिपि कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कटनी को प्रेषित की है ।

स्पा सेंटरों को प्रारंभ करनें हेतु अनिवार्य दस्तावेंजों एवं मापदण्डों का परीक्षण आवश्यक

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक के अनुसार शहर में संचालित सभी स्पा सेंटरों की जांच कराया जाना अति आवश्यक हो गया है । शहर के स्पा सेंटरों में अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की खबरें आए दिन सुननें में आ रही है,यह एक जांच का विषय है। । स्पा सेंटरों को संचालित करनें हेतु स्पा सेंटरों के संचालकों द्वारा म.प्र.शासन से लायसेंस प्राप्त करनें के प्रावधानों का पालन किया गया है,या नही यहा जानना जरुरी होने के,साथ ही अनाधिकृत रुप से संचालित स्पा सेंटरों को जांच उपरांत सील करनें की कार्यवाही होना अति आवष्यक है ।

निगमाध्यक्ष श्री पाठक का कहना है कि स्पा सेंटर की अनैतिक गतिविधियों के संबध में पुलिस विभाग एवं नगरपालिक निगम,कटनी की संयुक्त जांच कमेटी का गठन किया जावे । शहर में संचालित सभी स्पा सेंटरों की सूची होना आवश्यक है,सूची अनुसार नगरीय सीमाक्षेत्र में संचालित स्पा सेंटरों द्वारा लायसेंस प्राप्त करनें हेतु प्रक्रिया का पालन किया गया है या नही इन जैसे सभी बिन्दुओं पर कडाई से जांच कराते हुए दोषी पाए जाने की स्थिति में अवैध रुप से संचालित स्पा सेंटरों को सील कर संचालक के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की जावे । साथ ही की गई कार्यवाही से अद्योहस्ताक्षरकर्ता को अवगत कराया जावे ।

## खबर संक्षेप

### मेहड़ दरबार में गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आज से

**कटनी।** श्री मेहड़ दरबार की दादी साहिब नानकी देवी के सानिध्य में गुरू पूर्णिमा महोत्सव गुरू के अखण्ड पाठ साहिब से आज से आरंभ होगा। समाजसेवी वरंद चांदवानी ने बताया कि आज 19 जुलाई शुक्रवार को प्रातः 9 बजे श्री गुरू का अखण्ड पाठ आरंभ होगा। सायंकाल 5 से 7 बजे तक नित नये वाहिगुरू जाप व बाबा थॉवरदास महिला मंडल द्वारा सत्संग भजन कीर्तन का आयोजन होगा। 20 जुलाई दिन शनिवार को प्रातः 9 बजे से श्री सत्य नारायण स्वामी की व्रत कथा आरती अरदास प्रसाद वितरण होगा एवं सायंकाल 5 बजे से नितनेम शब्द कीर्तन का कार्यक्रम होगा। 21 जुलाई दिन रविवार को गुरू पूर्णिमा के शुभ दिन प्रातः 9 बजे से समाधि स्थल पर गुरूदेवों का पंचामृत स्नान, पूजन अर्चना के बाद 11 बजे से आम भण्डारा (गुरू का लंगर) आरंभ होगा। दोपहर 12 बजे से सत्संग भजन कीर्तन व श्री गुरू के अखण्ड पाठ साहिब को भोग पडेग़ा एवं आरती अरदास आदि कार्यक्रम का आयोजन होगा। अतः सभी धर्मप्रिय जनों से भाई नारायण दास जी ने आग्रह किया है कि इस शुभ अवसर पर सपरिवार पधारकर धर्म लाभ प्राप्त कर अपना जीवन सफल बनायें।

### स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों मे प्रवेश एवं ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू

**कटनी।** सत्र 2024-25 मे स्नातक एवं स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रमों मे प्रवेश हेतु सीएलसी द्वितीय चरण के विभिन्न कार्यो के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु 18 जुलाई से 31 जुलाई तक की तिथि निर्धारित की गई है। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार 18 जुलाई से 22 जुलाई 2024 तक सीएलसी द्वितीय चरण हेतु ऑनलाइन पंजीयन किया जायेगा तथा दस्तावेजों का सत्यापन 18 जुलाई से 23 जुलाई तक किया जायेगा। अंतिम तिथि 23 जुलाई को सत्यापन उपरांत सीएलसी चरण के सीट आवंटन की कार्यवाही 27 जुलाई तथा आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 27 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जा सकेगा।

### लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अगस्त से 15 अक्टूबर तक, आवेदन 23 जुलाई तक

**कटनी।** प्रभारी प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर ने बताया कि शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 अगस्त 2024 से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो, के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है। प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र 23 जुलाई 2024 की शाम 5 बजे तक कार्यालय में जमा किये जा सकेंगे।

## सीएम से वर्चुअल संवाद में उद्योगपतियों ने कहा कि उद्योगों को सब्सिडी देने वाला मप्र देश का पहला राज्य

# कटनी रेलवे का बड़ा जंक्शन, निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार सहित व्यापार को बढ़ावा मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन से प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास के माध्यम से रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिये 20 जुलाई को जबलपुर में हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को सफल बनाने के लिये गुरुवार को भोपाल से यहां कटनी जिले के कलेक्ट्रेट स्थित एन आई सी कक्ष में मौजूद उद्योगपतियों से वर्चुअल संवाद के दौरान यह विचार व्यक्त किये। इस दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद सहित सभी उद्योगपति मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिये कटनी जिले सहित जबलपुर,डिंडौरी, नरसिंहपुर व मंडला में के उद्यमियों के साथ गुरूवार को वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगपतियों से संवाद के पीछे और इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन का उद्देश्य यह है कि प्रदेश मे उद्योग, व्यवसाय व कारोबार



दोगुना हो जाये। उन्होने कहा कि यहां चल रहे उद्योगों की कठिनाईयों को दूर करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कटनी मे रोजगार परक औद्योगिक इकाईयों की संख्या बढ़ानें की बात उद्योगपतियों से करते हुए कहा कि राज्य सरकार उद्योगपतियों को जमीन, पानी और बिजली सहित अन्य जरूरी सहूलियतें मुहैया करा रहीं है। इसके अलावा रोजगार परक उद्योगों में काम कर रहे श्रमिको के लिए पांच हजार रूपये प्रति श्रमिक के मान से सहायता राशि भी प्रदान करने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय उद्यमियों के साथ बाहर के उद्यमियों को जोड़कर प्रदेश के सभी अंचल में सरकार समान रूप से विकास करना चाहती है, जिसमें कृषि, रोजगार, व्यापार, पर्यटन आदि की दिशा में एक नये उपलब्धि को हासिल किया जा सके। इसमें कई सारी कठिनाईयाँ आती है। लेकिन सकारात्मक सोच से आगे बढ़कर उनका निराकरण करें। छोटे-बड़े, मझौले सभी उद्यमी सरकार के साथ कदम-कदम से मिलाकर चलेंगे तो विकास की एक नई धारा प्रवाहित होगी।

लधु उद्योग भारती के महामंत्री अरूण सोनी ने मुख्यमंत्री से वर्चुअल संवाद मे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए आभार जताते हुए कटनी मे गारमेंट क्लस्टर स्थापित कराने और उद्योगों को डीबीटी की सुविधा मुहैया कराने को सरकार का अभूतपूर्व कदम बताते हुए धन्यवाद दिया। इस पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कटनी रेल्वे का बहुत बड़ा जंक्शन है, कटनी जिले में रेल्वे से संबंधित औद्योगिक इकाईयों की अपार संभावनाए है, यहां उद्योगपति रेल्वे से संबंधित इंडस्ट्री लगाने आगे आयें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कटनी को केवल खनिज, पत्थर, चूना और सीमेंट के लिए न जाना जाये, बल्कि रेल्वे ट्रेक और रेल से संबंधित विनिर्माण उद्योग स्थापित करने की दिशा मे भी उद्योगपति पहल करें।

मध्यप्रदेश लद्यु उद्योग संघ के सचिव और मैसर्स जयंत सिरेमिक औद्योगिक क्षेत्र बरगवां के उद्योगपति सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि 20 जुलाई को आयोजित जबलपुर के कान्क्लेव में बडा पूंजी निवेश आनें की संभावना है लेकिन पूर्व से स्थापित उद्योगों पर भी सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता की बात कही। श्री मिश्रा ने कहा कि उद्योगों से संबंधित किसी भी निर्णय में स्थानीय उद्योंग संगठनों की राय को भी शामिल किया जाये।

वर्चुअल संवाद के दौरान मध्यप्रदेश रिफैक्ट्रीज मैनिफैक्चर्स एसोसिएसन के अध्यक्ष अरविंद गुगलिया ने कहा कि मध्यप्रदेश मे उद्योगों को 40 प्रतिशत सब्सिडी मिल रही है जो पूरे देश में और कहीं नही मिलती है। इससे प्रदेश मे उद्योग धंधे काफी फल- फूल रहे है। जिसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुगालिया की इस बात पर ताली बजाई जाय कि मध्यप्रदेश इंड्रसट्रियल फ्रेंडली स्टेट है। श्री गुगलिया ने मिनरल इंडसट्रियों के लिए और अधिक सुविधाएं शासन स्तर से प्रदाय करने का आग्रह किया। इस दौरान एनआईसी कक्ष में महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह चौहान, सहायक प्रबंधक राकेश पटेल और रंजीत सिंह गौतम, उद्योगपति मनीष गेई सहित उद्योगपतियों की उपस्थिति रही।

### हैदराबाद में मिली लापता नाबलिग

**कटनी।** घर से बिना बताये अचानक लापता हो गई एक नाबालिग को पुलिस ने हैदराबाद से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाकला थाना अंतर्गत ग्राम खम्हरिया निवासी प्रार्थी ने थाना उपस्थित रिपोर्ट लेख कराया कि 10.07.24 को करीब 10.00 बजे से मेरी नाबालिग लड़की बिना बताये कही चली गई है जिसकी तलाश आसपास एवं रिश्तेदारी मे किया जिसका कोई पता नहीं चला। मुझे शंका है कि मेरी नाबालिग लड़की कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना बाकल मे अप.क्र. 246/24 धारा 137 (2) BNS 2023 का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन में गुम बालक बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे "मुस्कान अभियान" के पालन मे मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ट अधिकारीगण के दिशा निर्देशन मे टीम गठित कर नाबालिग बालिका को 17.07.2024 को हैदराबाद (आन्ध्र-प्रदेश) से दस्तयाब कर परिवारजनो के सुपुर्द किया गया है।

## उमरियापान में हुई मंडल कार्यसमिति की बैठक

# कार्यकर्ताओं का सम्मान ही प्राथमिकता व विशेषता, कार्यक्रमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भाजपा एक ऐसा राजनीतिक दल है जहां हर कार्यकर्ता का सम्मान है। हमारे लिए किसी भी बड़े दायित्व वाला पहले एक साधारण कार्यकर्ता होता है यह विचार कल बड़वारा विधानसभा के उमरियापान मण्डल की कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने व्यक्त किये।

मंडल स्तर पर भाजपा की कार्यसमिति की बैठकों के क्रम में मंडलों में कार्यसमिति बैठक आयोजित की गईं। उमरियापान में बुधवार को मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन उमरियापान स्थित मंगल भवन में किया गया।



इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के साधारण कार्यकर्ता को संगठन के सम्मान का उदाहरण वह स्वयं है जिन्हें पार्टी ने आज क्षेत्र की सेवा का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का मान सम्मान ही हमारी प्राथमिकता और विशेषता है।

इस दौरान पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते जिलाध्यक्ष श्री टण्डन ने बताया कि 19 जुलाई तक शक्ति केन्द्र सम्मेलन के दौरान बूथ नेतृत्व सम्मान समारोह आयोजित किए जायेंगे। 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मठ, मंदिर, आश्रम में संत, महात्मा पूजन अर्चन करेंगे। 26 जुलाई को करगिल विजय दिवस की 25वी वर्षगांठ के अवसर पर सैनिकों का सम्मान, प्रतिमा स्थलों, स्मारकों पर पुष्पांजलि के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। 28 जुलाई, रविवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ₹मन की बात₹ कार्यक्रम को जिले के सभी बूथों पर सामूहिक रूप से सुना जायेगा। 4 अगस्त हरियाली अमावस्या तक ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान वृहद स्तर पर संचालित किए जायेंगे।

## मौलिक अधिकारियों व कर्तव्यों की दी जानकारी



गुरूवार को सी0एम0राईस मॉडल स्कूल झिंझरी कटनी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश, सचिव निलेश कुमार जिरेती जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) 2015 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि पहले कर्तव्यों का पालन करना चाहिए तत्पश्चात अधिकारों का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अनुज चंसोरिया ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि अधिकार ओर कर्तव्य एक साथ प्राप्त होने की दशा में हमेशा अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, इस अवसर पर छात्रों को नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में प्रभारी प्राचार्य नीरज दुबे सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

## नगर के मुख्य मार्गो से निकला ताजियों का जुलूस, मांगी अमन चैन की दुआ

# मोहर्रम में निकाले गए ताजिया व सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में हुसैन शहीदाने कर्बला वालों की याद में मातमी पर्व मुहर्रम का त्यौहार बड़वारा नगर में सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ मिलकर मनाया जिसमें मोहर्रम की 9 तारीख को रात में ताजियों के साथ सवारी का नगर में गस्त कराया गया साथ ही 10 दिन तक यादें हुसैन में मजलिसे पाक का प्रोग्राम भी रखा गया। मातमी पर्व मोहर्रम पर बड़वारा नगर में ताजिया निकाले गए। इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम में स्मारक आता है यह आयोजन कर्बला की लड़ाई की सालगिरह है जब इमाम हुसैन अली को परिवार सहित कर्बला की लड़ाई में उमायाद खालिफ द्वारा शहीद कर दिया गया था। इसे मोहर्रम के मातमी पर्व के रूप में मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाता है। ताजिया के साथ सवारियां भी



निकाली गईं। ताजिया के साथ ही बाबा की सवारी भी इमामबाड़ा से निकाली गई जो गढ़ी के पास बाबा की मजार के पास एलत्रित हुई। ततपश्चात ताजिया का जुलूस बाबा की सवारी के साथ , झंडा बाजार,बसस्टैंड स्थित मस्जिद से होते हुए मिसिन चौक पहुंचा इसके बाद नगर का भ्रमण करते हुए कर्बला तक पहुंच जहां पर भारी तादाद में मुस्लिम भाइयों के साथ ही हिन्दू भाइयों ने भी शिरकत किया व हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोगों तथा सभी के अमन चैन के लिए बाबा से दुआ मांगी।

सुरक्षा के लिए तैनात रही पुलिस

मोहर्रम पर्व आपसी सामंजस्य व सद्भाव के साथ मनाया जाय कहीं पर भी किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न होने पाए इसके लिए बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में बड़वारा पुलिस के जवान हर गली चौराहे व जुलूस में पूरी सजगता से पैनी नजर बनाए रखे जिससे मोहर्रम पर्व शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दी जानकारी

# पौधारापेण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए नागरिकों को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, रा से यो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह एवं पर्यावरण समिति प्रभारी मनीष मिश्रा के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ, एलुमिनाई समिति के सदस्यों, रा से यो स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गई ।

कार्यक्रम मे डॉ. अरविंद सिंह ने सहभागिता करने वाले प्रतिभागियो को रोपे गये पौधों की फोटो वायुदूत एप में अपलोड करने के लिए प्रेरित किया साथ ही वायुदूत एप एवं पंजीयन की प्रक्रिया में गूगल प्ले स्टोर



से वायुदूत- अंकुर एप को डाउनलोड करने, एप डाउनलोड कर पंजीयन की जानकारी क्रमशह निम्नानुसार और बताई सर्वप्रथम इच्छित भाषा हिंदी, अंग्रेजी का चयन कर नागरिक लॉगिन पर क्लिक करें, मोबाइल नंबर दर्ज कर लॉगिन करें, पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर वेरीफाई कर तथा पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें। वेरिफिकेशन के पश्चात नया वृक्षारोपण- न्यू प्लेटफार्म पर क्लिक करें। उपलब्ध सूची में से पौधों की प्रजाति का चयन करें। इसके बाद रोपित प्रजाति उपलब्ध न होने पर अन्य पर क्लिक करें तथा रोपित की जाने वाली पौधे की प्रजाति का नाम अंकित करें। रोपित पौधों की संख्या लिखें और रोपित पौधे का फोटोग्राफ एप के माध्यम से अपलोड करें। पौधरोपण स्थल की जानकारी देने के लिए plantation site infor-matoin में लिखें।

पौधरोपण किये गए पौधे की फोटोग्राफ फिर से देखने एवं 30 दिनों के बाद दूसरी फोटो अपलोड करने के लिए मबवदक चीवजव ब्चजनतम पर क्लिक करें। एप के माध्यम से दूसरी बार फोटो अपलोड करने के बाद एप से सहभागिता प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। मोबाईल नेटवर्क न होने की स्थिति में भी ऑफलाईन मोड में एप के माध्यम से फोटोग्राफ अपलोड किये जा सकेंगे। मोबाईल में नेटवर्क आने पर फोटोग्राफ स्वतः एप पर अपलोड हो जायेगे। ऑफलाईन अवस्था में एप पर फोटो अपलोड करने के लिए पूर्व से एप पर लॉगिन रहना आवश्यक है। प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सभी को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया।

## अभियान के सफल संचालन हेतु जनप्रतिनिधियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

# राजस्व महा- अभियान 2.0 के संबंध में जनप्रतिनिधियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुसार 31 अगस्त 2024 तक आयोजित होने वाले राजस्व महा-अभियान में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधयों का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त कर अभियान को सफल बनाने हेतु कलेक्टर श्री अवि प्रसाद की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल द्वारा राजस्व महाअभियान के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों की सूचना पूर्व से ही स्थानीय ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, जिला पंचायत सदस्य, सांसद प्रतिनिधियों सहित अन्य जनप्रनिधियों को प्रदाय करने की बात कही। समग्र ई-के.वाय.सी के प्रकरणों तथा पीएम किसान सम्मान निधि के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु किसानों को जागरूक करने का भी सभी नें सुझाव दिया।

विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह



द्वारा महाभियान के दौरान सभी ग्राम पंचायतों को सम्मिलित करनें तथा अभियान के दौरान शिविर आयोजित होने के पूर्व ग्राम पंचायतों में प्रचार - प्रसार कराने, ग्रामवार जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित करनें तथा चौपाल स्थलो की जानकारी पूर्व से प्रदान करनें की बात कही।

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान चोपाल के माध्यम से आरसीएमएस प्रकरण के अंतर्गत कोर्ट में लंबित समस्त अविवादित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाकर आरसीएमएस में दर्ज किया जायेगा। इसके अतिरिक्त समग्र ई-के.वाय.सी हेतु सीएससी सेंटरों को मोबिलाइज कर लंबित हितग्राहियों के ई-के.वाय.सी का कार्य पूर्ण किया जायेगा। नक्शा तरमीम के लंबित प्रकरणों को पूर्ण कराने के लिए तहसीलदारों द्वारा ग्रामवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पीएम किसान सैचुरेशन के तहत ग्राम वार शिविर लगाकर हितग्राहियों के लंबित ई-केवायसी, एनपीसीआई बैंक लिंकिंग एवं एलआर लिंकिंग को पूर्ण करने का कार्य भी किया जायेगा।

बैठक के दौरान उपस्थित जनों को समग्र ई-के.वाय.सी, नक्शा तरमीम, पीएम किसान योजना के हितग्राहियों के लक्ष्य के विरूद्ध लंबित केवाईसी के प्रकरणों, पीएम किसान योजना के एनपीसीआई बैंक एवं एलआर लिंकिंग के हितग्राहियों के लंबित प्रकरणों की जानकारी प्रदान की जाकर अभियान के दौरान सहयोग प्रदान करने तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने का आग्रह किया गया।

### ये होगी कार्यवाही

अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। बंटवारा प्रकरणों का निराकरण और सीमांकन प्रकरणों निराकृत करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत जारी रहेगा। राजस्व महा अभियान 2.0 में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती और सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। राजस्व महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी -कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक फसलों का डिजिटल (क्रॉप) सर्वेक्षण किया जायेगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खींचकर जानकारी अद्यतन करने के लिये युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 25 जुलाई तक प्रशिक्षित किया जायेगा।

राजस्व महा अभियान में निशुल्क समग्र ई-केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही स्वामित्व योजना में आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्रवाई पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। राजस्व महा अभियान में अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और राजस्व महा अभियान में की जा रही कार्रवाई की मॉनिटरिंग करेंगे।

# जिला न्यायालय परिसर में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

धरमिन्दर सिंह राठौड प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में गुरूवार 18 जुलाई 2024 को वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर कटनी में पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन की दृष्टि से पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धरमिन्दर सिंह राठौड सहित अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में अधिक संख्या में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। पौधा रोपण के पश्चात श्री धरमिन्दर सिंह राठौड प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने का उत्तरदायित्व प्रत्येक मनुष्य का है, इसलिए हम सभी को इसका ध्यान रखते हुये



अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए तथा इनका पोषण करना चाहिए। वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत तहसील न्यायालय परिसर ढीमरखेड़ा में भी धरमिन्दर सिंह राठौड प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीश राज कुमार भारके न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पौधा रोपण कर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम

**देवेन्द्रनगर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण किया गया इस अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत फुलवारी के परिसर में एवं आंगनबाड़ी भवन के सामने 50 पौधों का रोपण संपन्न हुआ पर्यावरण बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम शुरुआत की गई मध्य प्रदेश शासन द्वारा 1 दिन में लाखों पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया था वायुदूत अंकुर ऐप पर पौधों को अपलोड किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच श्रीमती कीर्ति बागरी पी सी ओ श्री मान नीरज श्रीवास्तव जी एम एल विश्वकर्मा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कार्यक्रम समनवक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता विश्वकर्मा रामराज बागरी रोजगार सहायक लवकुश विश्वकर्मा कतिया आदिवासी अतुल बागरी भगवान दास ढीमर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली का कहर- किसान समेत 5 बकरियों की मौत

**पन्ना।** इन दिनों झमाझम बारिश हो रही है। इसी को लेकर पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम राजापुर में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान और पांच बकरियों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद से क्षेत्र में मातम का माहौल है। इधर डबरा में भी आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला। बताया जा रहा है कि गुरुवार 18 जुलाई को दोपहर के समय अचानक तेज गरज के साथ बारिश हुई।

### चारा उत्पादन हेतु निः शुल्क मक्का बीज वितरण

**अमानंज।** अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरैना में 16 जुलाई 2024 जे.के. सीमेंट वर्क्स द्वारा सामाजिक सेवा उत्तरदायित्व के तहत ग्राम पुरैना में पशुपालकों को चारा उत्पादन हेतु निः शुल्क मक्का बीज वितरण का आयोजन किया गया। जे.के. सीमेंट वर्क्स से श्रीमान राहुल जी एवं राकेश चौरसिया जी के मार्गदर्शन में चल रहे ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के तहत उपस्थित पशुपालकों एवं किसान जनों को मक्का बीज वितरण किया एवं जे.के.ट्रस्ट से उपस्थित राज्य परियोजना प्रबंधक श्रीमान प्रदीप वर्मा जी ने मक्के के हरे चारा खिलाने पर पशुओं से होने वाले कई लाभ पशुपालकों को बताएं एवं पशुओं में बीमारी के संबंध में परामर्श करने हेतु उपस्थित जे.के.ट्रस्ट के वेटरनरी डॉक्टर डॉ. सीताराम जाटव जी का पशुपालकों से परिचय कराया।

## राजस्व अभियान चरण दो: 45 दिन तक चलेगा, कलेक्टर ने दिये दिशा निर्देश

# जमीन से जुड़ी लोगों की समस्याओं का समय पर निराकरण किया जाये-कलेक्टर

**पथरिया में राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक में कलेक्टर ने दिये अहम दिशा निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह। 18 जुलाई से मुख्यमंत्री द्वारा राजस्व महा अभियान चरण 2 की घोषणा की गई है, आप सभी महाअभियान में राजस्व से संबंधित सभी कार्य सुनिश्चित किये जायें। इस अभियान में प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, स्वामित्व योजना, अभिलेखों में सुधार, न्यायालयीन एवं सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण, डिजिटल क्रॉप सर्वे यह सब कुछ शामिल है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह है कि राजस्व से जुड़ी, जमीन से जुड़ी जो लोगों की समस्याएं है, उनका समय पर निराकरण कर सकें, यह अभियान 45 दिन चलेगा। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज जिले के ब्लाक पथरिया में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में आयोजित राजस्व अमले की बैठक में दिये। इस अवसर पर एसडीएम निकेत चौरसिया, तहसीलदार दीपा चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार बृन्देश पाण्डे, नायब तहसीदार दीपमाला सिंह के साथ राजस्व निरीक्षक एवं पटवारीगण मौजूद थे।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यह अभियान खास तौर से आप सभी से संबंधित है, जब जनसुनवाई में बैठता हूं तो मेरे पास बहुत लोग आते है और वे कहते है कि तहसीलदार साहब ने नायब तहसीलदार साहब ने आदेश कर दिया है, लेकिन इसका सरकारी रिकॉड में अभी तक अमल नहीं हुआ है। आदेश का अमल नहीं हुआ तो अधिकारी उसको कर करवायें। अब यह अभियान केवल अधिकारियों पर निर्भर नहीं रहेगा, अधिकारी सीधे जनता की समस्याओं का निराकरण करेंगे। समय सीमा के अंदर, जिसमें की ऐसे जितने भी प्रकरण है, जिसका निराकरण तहसीलदार, नायब तहसीलदार द्वारा कर दिया गया है, लेकिन उसका अमल नहीं हुआ है, वह अमल होना चाहिये। पीएम किसान में जो अपात्र है उन्हें हटाया जाये और उनकी जानकारी को अद्यतन किया जाये, जिनकी ई-केवाईसी नहीं हुई है, उनकी ई-केवाईसी कराई जाये।

उन्होंने कहा पथरिया तहसील में जितने भी पात्र किसान है, उन सभी पात्र किसानों का इसमें पंजीयन हो चुका है, उनकी ई-केवाईसी हो गई है, उनके बैंक एकाऊंट और आधार की सीडिंग और लिंकिंग हो गई है और अपात्र कोई भी नहीं बचा है यह सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा उन्होंने पथरिया क्षेत्र के किसानों से और आम नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा यदि आपके कोई भी राजस्व से संबंधित मामले यथा नामांतरण, बंटवारा, यह मान लीजिए आपके पक्ष में कोई आदेश हुआ है तहसीलदार या नायब तहसीलदार का लेकिन रिकार्ड में उसका अमल नहीं हुआ है, ऐसे प्रकरण या फिर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित कोई परेशानी, स्वामित्व से संबंधित परेशानी ऐसी कोई भी राजस्व से संबंधित दिक्कत है, तो एसडीएम, तहसीलदार और राजस्व अमले के ध्यान में लाएं और इसका निराकरण 45 दिन के अंदर किसी भी स्थिति में कराया जायेगा।

## स्कूलों में मनेगी गुरु पूर्णिमा आयोजन के लिये बजट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा

सभी स्कूलों में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। भारतीय संस्कृति व हिंदू परंपरा में गुरू की महत्ता के लिए पहचाने जाने वाला गुरु पूर्णिमा पर्व आगामी 21 जुलाई को जिले भर में विभिन्न संगठन, संस्था और राजनीतिक दलों द्वारा मनाया जाएगा। वहीं इस वर्ष यह गुरू पूर्णिमा प्रदेशभर के शासकीय और अशासकीय स्कूलों में भी मनाई जाएगी। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिए हैं। इसे लेकर स्कूलों में भी तैयारियां शुरु हो गई है। डीईओ दमोह एस के नेमा ने कहां की गुरु पूर्णिमा पर्व मनाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग से आदेश आ चुके हैं जिले के सभी स्कूलों को पत्र जारी कर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा है। हालांकि पहली बार यह आयोजन होगा, इसके लिए कोई बजट जारी नहीं हुआ है। इस वजह से डीईओ ने कहा कि स्कूल इंचार्ज अपने स्तर पर सारे इंतजाम करें। कार्यक्रम के तहत 20-21 जुलाई को सभी स्कूलों में गुरु पूर्णिमा पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं।दो दिवसीय कार्यक्रम पर पैसा खर्च होगा। अतिथियों का सम्मान करना है। वहीं गोष्ठी सहित अन्य इंतजामों के लिए पैसों की जरुरत होगी। लेकिन इस कार्यक्रम के लिए बजट नहीं ह शनिवार 20 जुलाई को प्रार्थना सभा के पश्चात सभी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरू- शिष्य संस्कृति पर प्रकाश डाला जाएगा, साथ ही प्राचीन काल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था व उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी तरह 21 जुलाई को सभी स्कूलों में मां सरस्वती व गुरू वंदना कर पूजा-अर्चना की जाएगी। साथ ही इस दौरान गुरूजनों व शिक्षकों का सम्मान होगा। वहीं स्कूलों में गुरू संस्मरण पर गोष्ठी भी आयोजित होगी। यही नहीं इन कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए साधु-संतों, गुरुजनों, सेवा निवृत्त शिक्षकों, पूर्व छात्रों व गणमान्य नागरिकों भी आमंत्रित को भी आमंत्रित किया जाएगा।

**अधिकारियों द्वारा नहीं की जा रही कार्यवाही**

## निर्धारित दुकानों पर ही मिल रही किताबें और यूनिफॉर्म, पालक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी प्रारंभ हो गई है, मनमाना मुनाफा कमाने के लिए किताबें कापी ड्रेस तक निजी स्कूलों द्वारा तय की गई दुकान से ही पेरेंट्स की जेब सरेआम काटी जा रही है। वहीं प्रशासन द्वारा निजी स्कूलों की किताबें कॉफी चुनिंदा दुकानों पर बेचे जाने पर सत्य प्रतिबंध लगाया गया था जिसके लिए कलेक्टर द्वारा जांच दल भी गठित किए गए थे लेकिन कुछ दिन तक चली यह कवायत चंद दिनों की कागजी खाना पूर्ति ही साबित हुई। जांच टीम के सदस्यों ने हटा नगर के कुछ निजी संस्थानों में पहुंचकर उपस्थित लोगों से सवाल जवाब कर अपनी कथक रिपोर्ट बनाने की बातें भी सामने रही हैं हालांकि अभी तक क्या कार्यवाही की गई यह सामने नहीं आया जबकि जांच रिपोर्ट अभी सार्वजनिक होना चाहिए लेकिन अधिकारी अपनी असमर्थता जताते हैं लेकिन अगर जांच रिपोर्ट सामने आई तो सारा सच पूरी तरह सामने आ जाएगा।

उल्लेखनीय है कि नगर में संचालित निजी स्कूलों द्वारा अपनी मनमानी के चलते शान द्वारा तय किताबों के अलावा निजी पुस्तक के कोर्स की किताब तय दुकानों पर ही मिल रही हैं। निजी स्कूल अपनी जेब भरने के लिए पिछली वर्ष का सिलेबस बदलकर नए वर्ष का सिलेबस चेंज कर देते हैं जिससे कोई गरीब बच्चा पिछले वर्ष की किताबें भी उपयोग नहीं कर सकता है। जैसे ही नए वर्ष के प्रवेश प्रारंभ होते हैं तो निजी स्कूलों की मनमानी के चलते बालकों की जय पर टांका डालने का काम प्रारंभ कर देते हैं। निजी स्कूलों के द्वारा उनके मनचाहे प्रकाशकों की कॉपी किताब लेने के लिए बात किए जाने लगा है। नगर के कई स्कूलों के हाल यह है कि जिन स्कूलों में बच्चों को एमपी बोर्ड हुआ एनसीईआरटी की किताबें रखना चाहिए वह निजी प्रशासन की पुस्तक पढ़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो निजी प्रशंसकों की पुस्तकों में स्कूल संचालक को 50 से 60 फ़ीसदी तक कमीशन मिलता है निजी स्कूल अपना सिलेबस चल रहा है अभिभावकों ने बताया कि बड़ी संख्या मिलेगी स्कूल खुल रहे ह। माध्यमिक शिक्षा मंडल से तो मान्यता ले रखी है लेकिन हिंदी और अंग्रेजी माध्यम से उनके द्वारा पाठ्यक्रम निजी स्कूलों का चलाया जा रहा है। स्कूल संचालक खुद अपना सिलेबस तय करके पुस्तक पर मनमानी कीमत छपा कर रखते हैं जिसमें उनका मोटा मुनाफा हो सके, नगर के कई निजी स्कूलों में खेल मैदान नहीं है फिर भी इनको मान्यता कैसे दे रखी है नगर के कई स्कूलों के हालात यह है कि कई स्कूल तो चार कमरों में ही संचालित हो रहे हैं।

### अघोषित विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा

**पथरिया।** बरसात के प्रारंभ होते ही पूरे ग्रामीण इलाको में अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण हलाकन है।गुरुवार को कलेक्टर का दौरा पथरिया तहसील में हुआ जहा लखरोनी ग्राम में अनेकों युवाओं ने एकजुटता के साथ अपनी विद्युत व्यवस्था सुधारने संबंधी मांगे रखी साथ ही ज्ञापन सौंप उम्मीद जताई कि आपके माध्यम से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करे कि बरसात के समय विद्युत प्रवाह सुचारू रूप से जारी रहे। जिला कलेक्टर ने ज्ञापन स्वीकारते हुए व्यवस्थाओं में सुधार कराने की बात की।

**ताजिया एवं अखाड़ा जुलूस नही निकाला गया.....**

## आपसी सद्भाव के साथ मनाई मोहर्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया






हजरत इमाम हुसैन रजि. व मैदाने कर्बला मे शहादत का जाम नोश फरमाने वाले तमाम शहीदों की याद में हर वर्ष मुस्लिम भाईयों व्दारा पूरे विश्व मे मनाया जाने वाला मोहर्रम पर्व नगर हिण्डोरिया में आपसी सदभाव की परंपरा के साथ सादगी भरे माहौल मे मनाया गया। इस मौके मुस्लिम समाज के व्दारा लिये गये निर्णय के मुताबिक विगत वर्षों की तरह इस वर्ष ना तो मुहर्रम पर्व पर डीजे, बाजे-गाजे का इस्तेमाल किया गया ! और ना ही कोई अखाड़ा ताजिया-जुलूस ही बगिया एवं थाना तक निकाला गया। इस मौके पर सबसे पहले 17 जुलाई 2024 दिन बुधवार की रात्री मे नगर के सभी छोटे-बड़े ताजिया , बुर्राक एवं सभी मुस्लिम महिला-पुरुष एवं बच्चे बडी. तादाद मे स्थानीय झंडा चौक पर एकत्रित हुए । यहां बाद नमाज इशां यादगार मजलिस पाक का आयोजन किया गया। जिसमें छतरपुर से आये हाफिज व कारी, मुफ्ती जनाब इदरीस खान साहब, नूरी फरीदी मस्जिद के पेश इमाम हाफिज जनाब इरफान रज़ा खान साहब ,जामा मस्जिद के पेश ईमाम मौलवी जनाब शाहरुख़ शाह व्दारा मध्य रात्री तक तकरीर एवं नातेपाक पेश की गई। मजलिस पाक के समापन के बाद तबर्रूक (प्रसाद) तकसीम कर सभी ताजिया, जहूरा, बुर्राकों को सादगी भरे माहौल मे जमादार तालाब ले जाकर (ठण्डा) विसर्जित किया गया। इस मौके पर एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, टीआई अमित गौतम की नेतृत्व में अन्य थानों की पुलिस सहित पुलिस व्यवस्था पूरे समय चाकचौबंद एवं सराहनीय रही। पुलिस व्दारा दिन मे फ्लेक मार्च भी निकाला गया।इसके अलावा मुहर्रम पर्व के एक दिन पूर्व 16 जुलाई 2024 की रात्री मे पर्व मे कानून व्यवस्था एवं अमन शांति स्थापना के उददेश्य को लेकर डीआईजी सुनील कुमार जैन, एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, टीआई अमित गौतम की टीम ने नगर की सड़कों पर भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। एवं आवश्यक मार्गदर्शन अधीनस्थ पुलिस को दिया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष ठा.हेमेंद्र सिंह मुन्ना भैया, एड- वैभव सिंह, सुधांशु चौबे, नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल, पार्षद गणेश सिंह, अन्नु सिंह राजपूत, एड- बबलू अग्रवाल, पप्पू ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर, मुन्ना ठाकुर बडे.पुरा, कालूराम अहिरवार, नरेश साहु, सीताराम कोरी मासाब, आर आई आशाराम पटेल, पटवारी विनोद सिंह सहित बडी.संख्या में हमारे हिन्दू भाईयों ने शिरकत की। एवं अपनी गंगा जमुनी संस्कृति के सशक्तिकरण का सन देश दिया। त्यौहार मे बिजली विभाग नगर परिषद की सेवायें सराहनीय रहीं।

## वनमडल अधिकारी ने किया वीट निरीक्षण, पौधा रोपा




**तेंदूखेड़ा।** वनमण्डल अधिकारी महेंद्र सिंह उईके दमोह द्वारा वन परीक्षेत तेंदूखेड़ा अंतर्गत सेलवाडा सर्कल आर एफ 341 वीट सिलपुरा में, वृक्षारोपण का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया गया। इस दौरान वन मंडल अधिकारी प्रतीक दुबे वन परीक्षित अधिकारी सृष्टि जैन सर्कल अधिकारी सुशील श्रीवास्तव एवं वन्यकमी में उपस्थित रहे।

## जनकपुर मंदिर में श्री रामचरित मानस पाठ

**पथरिया।** वार्ड आठ स्थित जनकपुर मंदिर में जगदीश रथयात्रा से अनेक धार्मिक कार्यक्रम निरंतर हो रहे है। नगर के प्रसिद्ध श्याम संकीर्तन मंडल द्वारा श्री गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस का संगीतमय पाठ किया गया, जिसमें मंडल के कलाकारों द्वारा अनेक धुनों पर मानस पाठ संगीतबद्ध किया गया। कार्यक्रम में दूरदर्शन कलाकार रमेश प्रसाद विश्वकर्मा, रविशंकर सोनी, मनमोहन पटेल, संजय सोनी, लल्लू रजक, मोहन साहू, हल्ले पटेल मुकेश नेमा, श्रीराम दुबे सहित श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## सीएमएचओ डॉ. बेक ने किया दस्तक अभियान का निरीक्षण

**दमोह।** दस्तक अभियान अंतर्गत बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार व रेफरल सुनिश्चित कर समुचित उपचार प्रदाय करना है, साथ ही बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना इसका उद्देश्य है। सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि दस्तक अभियान का मतलब



घर-घर दस्तक देकर बाल कालीन बीमारियों के प्रति जागरूक कर, बाल मृत्यु दर में कमी लाना है। उन्होंने बताया राज्य स्तर एवं कलेक्टर से प्राप्त निर्देशानुसार प्रतिदिन फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने आज जबलपुर नाका उद्योग विभाग की पीछे वार्ड नम्बर सात में रहने वाले स्लम एरिया का भ्रमण किया, जहां रहने वाले परिवारों के बच्चों को दस्तक अभियान अंतर्गत दी जाने वाली सेवाऐं जैसे- 0-5 वर्ष के बच्चों में कुपोषण की सक्रिय पहचान, बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान व उपचार, विटामिन-ए अनुपूरण, दस्त रोग प्रबंधन हेतु दो ओ.आर.एस. के पैकिट व 14 जिंक की गोली प्रत्येक बच्चे के मान से घर में देना आदि सेवाओं के निरीक्षण हेतु घर-घर दस्तक दी गई, इसके लिये हाउस मॉर्किंग की गई। दस्तक अभियान अंतर्गत दृष्टिदोष की पहचान, श्रवण रोग की पहचान, एनिमिया की पहचान, सम्पूर्ण टीकाकरण, जन्मजात विकृति पहचान, पोषण आहार पर गृह भेट कर परामर्श आदि कार्य किया जा रहा है इसकी निगरानी फील्ड विजिट कर ही पता की जा सकती है। इस हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों से लेकर ब्लाक स्तर के अधिकारियों का फील्ड दौरा बनाकर फील्ड पर जाने निर्देषित किया गया है।

## हिन्दी लेखिका संघ बरखा गोष्ठी सम्पन्न

दमोह। हिन्दी लेखिका संघ की वर्षा ऋतु पर केनद्रित काव्य गोष्ठी सरस्वती कन्या विद्यालय में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ रेवा चौधरी थीं अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष पुष्पा चिले ने की। मन्दाकिनी बेन विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम




का सफल संचालन एवं आभार मनोरमा रतले ने किया। सरस्वती वंदना कमलेश शुक्ला ने प्रस्तुत की। प्रथम चरण में संस्था सचिव डॉ प्रेमलता नीलम और उषा शिवहरे के स्वास्थ्य लाभ के लिए सभी बहनों ने ईश्वर से प्रार्थना की। पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर चर्चा हुई। द्वितीय चरण में वर्षा से सराबोर रचनाओं का पाठ हुआ। डॉ रेवा चौधरी ने कहा प्रकृति ने वर्षा कर अपना कर्तव्य निभाया, हम भी पानी बचा, पौधे रोप अपना कर्तव्य निभायेंगे। पुष्पा चिले ने कहा उमड़ घुमड़ के बदरा बरसे, घर के चूना टप टप टपके, गुईंया सजन बिना को खपरा लाबे विपदा है भारी। मनोरमा रतले ने पढ़ा देख श्याम घन को मेरा मन नाचे ता थैया,भर गये सारे ताल तलैया। कमलेश शुक्ला ने पढ़ा हरी दूब का पालना, लताओं की डोरी,भर देना सावन उम्मीदों की झोली। पद्मा तिवारी ने कहा उमड़ घुमड़ कर छाते बदरा,मेघ अमृत बरसाते हैं। डॉ इन्द्रजीत कौर ने कहा मै देख रही हूं उस ओर जहां खिड़की के शीशों पर दस्तक दें रहीं हैं वर्षा की बूंदें। शिवकुमारी शिवहरे ने पढ़ा मधु मधुरिम है दृश्य सुखद, बादल की किरणें चमकी हैं, लुभा रही हैं मुझे बडी। आराधना राय ने पढ़ा क्यों न बात की जाय, वृक्षों की जड़ों से, तनों से शाखाओं से। अर्चना राय ने कहा पेड़ हैं तो जीवन है, पेड़ हैं तो खुशियां है। लता गुरु ने कहा रिमझिम ऋतु आई पावस की,बदली रंगत धरा गगन की। अर्चना दलाल ने कहा वर्षा आती ले खुशियों की सौगात,पर कहीं कहीं यह कैसा तुम्हारा आघात। संगीता पांडे ने कहा घिर घिर आई बदरिया कारी। वसुन्धरा तिवारी ने कहा मेघा झर झर बरसे आली, मौसम ने रंग बदला आली। कंचन सोनी सहित बड़ी संख्या में बहनों की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर ने खेत का लिया जायजा

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर पथरिया भ्रमण के दौरान किसान कमलेश कुशवाहा के खेत पहुंचे। किसान कमलेश ने नई पद्धति से सोयाबीन की फसल लगाई है। पथरिया निवासी कमलेश कुशवाहा ने बताया पहले टमाटर और सब्जी की खेती करता था, इस बार कृषि विभाग के अधिकारियों मुझे सलाह दी तो इस बार मैंने सोयाबीन की फसल लगाई है और इसमें कुछ और सुधार किया हैं। कमलेश कुशवाहा ने बताया कृषि अधिकारियों ने मेरे लिए बताया की 9 पोर की जगह बीज सिर्फ 5 पोर में ही इसे बोना है, इससे हमें बेनिफिट भी मिला है, और इस बार हमने इसमें खाद भी नहीं डाला है। इस बार हम 35 से 40 दिन की फसल में नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का स्प्रे करेंगे। कमलेश ने किसान भाईयों से कहा कृषि अधिकारियों द्वारा दी गई सलाह से यह पद्धति अपनाये, इससे हमें बहुत बेनिफिट मिलेगा, यह फसल में भी दिख रहा है। इसमें ज्यादा कल्ले आएंगे तो फसल भी ज्यादा निकलेगी, इसमे शत-प्रतिशत अच्छे रिजल्ट आएंगे।

### दो पक्षों में विवाद, पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला

**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बगमऊ में खेत पर कचरा फेंकने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें एक पक्ष ने पिता-पुत्र की लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी जिससे दोनों पिता-पुत्र बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बगमऊ में खेत पर काम कर रहे मुन्नीलाल राजपूत 70 वर्ष पर दयाल राजपूत, राम सिंह राजपूत, श्रीराम राजपूत, मातादीन राजपूत, भलक सिंह राजपूत ने लाठी, डण्डों से मारपीट कर दी। मुन्नीलाल को बचाने आए उसके 28 वर्षीय बेटे को भी आरोपियों ने पीट डाला। घायल मुन्ना राजपूत ने बताया कि वे लोग अपने खेत पर गकडियां खा रहे थे तभी उनके पिता मुन्नीलाल ने कुछ कचरा आरोपियों के खेत में फेंक दिया जिससे नाराज होकर दयाल राजपूत, रामसिंह राजपूत, श्रीराम राजपूत, मातादीन राजपूत, भलक सिंह राजपूत ने पिता-पुत्र की लाठी, डण्डों से मारपीट कर दी।

## कलेक्टर पहुंचे कृषि उपज मंडी, किसानों से हुए रूबरू

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज अपने भ्रमण के दौरान आकस्मिक रूप से जिले की पथरिया कृषि उपज मंडी पहुंचे। उन्होंने यहां पर मंडी परिसर में मौजूद किसानों से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने एक किसान से उर्वरक क्रय करने के संबंध में चर्चा की। किसान की बही में एन्ट्री सही नहीं होने और सील नहीं लगी होने पर संबंधित अधिकारी से नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने किसान की उर्वरक क्रय की रसीद और पासबुक आदि का अवलोकन किया । एक और अन्य किसान जो वहां पर मौजूद था उनसे भी चर्चा की और उनकी बही पर एंट्री का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री कोचर कार्यालय में पहुंचकर उर्वरक एंट्री पंजियों में की जा रही है का भी अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर को किसान के खाते में उर्वरक की एंट्री तो पाई गई किंतु उसमें सील और हस्ताक्षर नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रत्येक किसान को उर्वरक दिए जाने



पर मात्रा और सील आवश्यक रूप से लगाई जाए। उन्होंने मौजूद संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कड़े निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने उर्वरक भंडारण कक्ष का अवलोकन किया, जहां पर्याप्त मात्रा में उर्वरक मौजूद था। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से नाराजगी जताते हुए कहा कि यहां पर इतनी मात्रा में भंडारण है, सिंगल लॉक में क्यों नहीं उर्वरक भेजा जा रहा है और इसकी जानकारी उन्हें क्यों नहीं दी गई, कलेक्टर ने कहा कि डबल लॉक के साथ सिंगल लॉक केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध रहे। हालांकि किसनों की यहां पर ज्यादा भीड़ नहीं थी कुछ किसान उर्वरक लेने पहुंचे थे। इस अवसर पर विपणन संघ, कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पथरिया क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**दमोह।** ग्राम पंचायत नरसिंगढ़, में मध्यप्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन में इकाई-दमोह अंतर्गत बेबस सुनार-सस (सीता नगर) ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से संबंधित पथरिया क्लस्टर स्तरीय (क्रमांक-3) एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जल निगम से प्रबंधक जन सहभागिता डॉ. मनोज राज सर एवं संस्था से परियोजना प्रबंधक राहुल परिहार, परियोजना समन्वयक श्रीमती प्रियंका तिवारी एवं वैशाली संस्था के अन्य स्टाफ की उपस्थित रही। कार्यक्रम मे पीपीटी माध्यम से परियोजना प्रबंधक राहुल परिहार जी के द्वारा संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच एवं सचिव, आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति रही। मध्यप्रदेश जल निगम से प्रबंधक जन सहभागिता मनोज राज सर द्वारा सभी समक्ष उपस्थित प्रतिभागियों को योजना के सफल संचालन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया एवं बधाई प्रेषित करते हुए क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिए गए। कार्यशाला के अंतिम चरण में प्रतिभागियों द्वारा संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनका उत्तर सीपी (डॉ.मनोज राय) सर द्वारा दिया गया।

### तारादेही पहुंचने पर बस को थाना लेकर पहुंची महिला, बैग को काटकर निकले जेवरात

# बस स्टैंड पर महिला के बैग से लाखों के जेवरात चोरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जिला मुख्यालय से झालौन को चलने वाली एक यात्री बस में सफर कर रही महिला के लाखों रूपए के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। जब महिला को पता चला कि उसके जेवरात चोरी हो गए है तो महिला के परिजन झलौन पहुंचे और चालक, क्लीनर के साथ बस को तारादेही पुलिस थाना लेकर गए और शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। चोरी की घटना मंगलवार की है, लेकिन महिला को एक दिन बाद बुधवार को इसका पता चला, जब महिला ने घर पहुंच कर अपना बेग चैक किया तो उसमें रखे जेवरात और दो साड़ियां चोरी होना पाया गया है। हालांकि मामला दमोह कोतवाली से जुड़ा होने के कारण परिजनों को दमोह भेजा और बस को जब्त कर लिया है। मामले में तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शिवलाल खमरिया निवासी विनोद लोधी ने बताया कि मंगलवार की सुबह 10 बजे मेरी भाभी रश्मि सिंह लोधी और मां दमोह से सुरादेही गांव जाने के लिए दमोह बस स्टैंड से अमित जैन कंपनी की बस में जेवर से भरा बैग लेकर बैठी थी, लेकिन बस लेट होने के कारण रश्मि सिंह लोधी बस में बेग रखकर अपनी मां को बस मैं बैठाकर मार्केट कुछ सामग्री खरीदने चली गई। जहां बस के हेल्पर ने बस में बैठी मां से कहा कि अभी बस में झाडू लगनी है, आप नीचे उतर जाओ। मां बेग सीट पर रखकर नीचे आ गई। कुछ देर बाद बस दमोह इमलिया लकलका होते हुए से झलौन के लिए रवाना हुई और दोनों उसमें बैठकर गांव आ गई। बुधवार सुबह जब बैग खोला तो उसमें रखे सोने के जेवरात गायब थे। जिनकी कीमत 6 से 7 लाख रुपए थी। खोजबीन करने बुधवार को झलोन पहुंचे और जहां बस खड़ी थी, वहां गए और बस के चालक एवं क्लीनर से पूछताछ की, लेकिन वो कुछ नहीं बता रहे थे। जिसके बाद बस की तलाशी ली तो उसमें बेग में रखी दो साड़ी मिली बाद में क्लीनर के कपड़े में दो चाकू कटर मिले। जिससे बैग काटा गया है। बैग को चाकू से काटकर ही जेवर गायब किए गए हैं। जहां महिला के परिजन बस और उसके स्टाफ को तारादेही थाने लेकर पहुंचे। बस में मिली साड़ी और चाकू भी तारादेही पुलिस को दिए। परिजनों को संदेह है कि बस के स्टाफ ने ही बैग से जेवर गायब किए हैं। बस दमोह से झलौन चलती है और झलौन में रात हल्ट करती है।

मामले की जांच की जा रही है

इस संबंध में तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित का कहना है कि बस को कुछ लोग लेकर आए थे। उनका कहना है कि बैग में सोने के जेवर रखे थे, जो बस के स्टाफ ने चोरी किए हैं। मामले की जांच चल रही है। दमोह में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ली जा रही है और मामला दमोह कोतवाली का है। इसलिए महिला और परिजनों को दमोह कोतवाली भेजा गया है।

# बस्ती के समीप तालाब में आया मगरमच्छ

**बनवार।** जिला मुख्यालय 22 किलोमीटर दूर जंप जबेरा की ग्राम पंचायत मुंडारी राजघाट में बस्ती के पास बने एक तालाब में मगरमच्छ आ गया है । जिसने पानी पीने गए बकरियों के झुंड पर हमला बोल दिया और एक बकरे को जबड़े में जकड़ लिया चरवाहे के चिल्लने और पथराव करने से मगरमच्छ बकरे को छोड़कर तालाब के पानी में चला गया है। घायल बकरे की दूसरे दिन मौत होने की बात पशु पालक गजराज बंसल के द्वारा कही जा रही लेकिन डिप्टी रेंजर नेक नारायण खरे का कहना है । बस्ती के समीप स्तिथ तालाब में मगरमच्छ ने बकरे पर हमला कर घायल कर दिया था लेकिन उसकी मौत नही हुई है। दरअसल मगरमच्छ के हमले की घटना बुधवार के दोपहर की बताई जाती है। ग्राम मुंडारी निवासी गजराज बंसल ने बताया बुधवार को बकरी चराने के लिए मेरी मां गई हुई।



दोपहर में गाव के पास बने तालाब में बकरीओ को पानी पिलाने तालाब में ले गई थी तभी अचानक से मगरमच्छ ने बकरे हमला बोल दिया चिल्लाने और पथराव की वजह से बकरे को छोड़कर मगरमच्छ तालाब के पानी में चला गया है। बताया जाता है मुडारी राजघाट रहवासी इलाके के तालाब में एक बड़ा मगरमच्छ और एक मगरमच्छ का बच्चा ग्रामीणों को दिखाई दिया है जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ। तालाब में बच्चे महिलाएं सभी लोग नहाने जाते है ऐसे में तालाब में रह रहे मगरमच्छ से लोगों को खतरा है वन विभाग की टीम से मगरमच्छ की रेस्क्यू की मांग की है। डिप्टी रेंजर नेक नारायण खरे ने बताया तालाब से मगरमच्छ को पकड़ने के लिए अधिकारियों से बोलकर पिंजरा मंगवाया गया है। शीघ्र ही मगरमच्छ का रेस्क्यू किया जाएगा तब तक मगरमच्छ पकड़ नहीं जाता है बच्चे महिलाएं पुरुष कोई भी तालाब नहीं जाए। मगरमच्छ हमलावर हो गया है। सतर्क और सुरक्षित रहें। बता दें दमोह जिले से लगी व्यारमा नदी में मगरमच्छों की संख्या अधिक होने से व्यारमा नदी के सहायक नदी नालों के रास्ते से रहवासी इलाकों तक पहुंच रहे है जिससे मगरमच्छों का खतरा बना हुआ है।

# कलेक्टर ने मंडी में मूंग खरीदी का किया निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मंडी परिसर में सरकारी स्तर पर मूंग खरीदी केंद्र पर पहुंचे, किसानों से चर्चा की। यहां पर किसानो से खरीदी हुई मूंग का अवलोकन कर किसान से चर्चा की और सामने से ग्रेडिंग भी करवाया। उन्होंने रोज आवक की जानकारी ली और मंडी सचिव से खरीदी उपरांत किसानो को भुगतान कितने दिनों में होता है, के बारे में भी चर्चा की। मौजूद विपणन संघ के अधिकारियों ने बताया कि प्रक्रिया पूरी कर किसानों को भुगतान कर दिया जाता है इसमें इस कोई समस्या नहीं है। उपज लेकर आए किसानों ने कलेक्टर से कहा यहां पर व्यापारी अपना माल खरीद कर शेड में माल पड़े रहने देते हैं, जिससे हम किसानों को वर्षा के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ता है, किसानों ने कहा यदि माल वर्षा में भीग गया तो फिर माल बिकता नहीं है घर ले जाना पड़ता है। कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया को मोबाइल पर कॉल कर मंडी का निरीक्षण करने और समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा किसानों को किसी तरह से परेशानी नहीं आनी चाहिए आज ही जाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया।

# कॉलोनी में रहने वाले सौ परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर के चहुंमुखी विकास का दावा करने वाली नगर परिषद नगर वासियों को मूलभूत सुविधाएं तक मुहैया नहीं करवा पा रही है। आज भी लोग बदहाल सड़क, साफ-सफाई, पानी निकासी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। वार्ड क्रमांक 9 में भी ऐसे ही हाल है। यहां की कॉलोनी में रहने वाले लोग बेहद परेशान है। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी में लगभग 100 परिवार रहते हैं और एक स्कूल भी है। यहां की सबसे बड़ी समस्या पक्की सड़क का अभाव है। पानी निकासी और साफ-सफाई नहीं होने के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग से शारदा कोरी के घर के बाजू से कालोनी के अंदर जाने के लिए जो रास्ता है वह बेहद खराब है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में ये मार्ग कीचड़ में बदल गया है। पिछले 7 साल से मार्ग को पक्का बनाने की मांग नगर परिषद से करते आ रहे हैं पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां पर मिट्टी युक्त कच्ची सड़क है जो इन दिनों दलदल बन गई है। जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। बाइक, साइकिल सहित अन्य बड़े वाहन भी कीचड़ में धंस रहे और फिसल रहे हैं। अरविंद विश्वकर्मा का कहना है कि परिषद के अधिकारी और जनप्रतिनिधि कॉलोनी वासियों की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यदि सीएम हेल्प लाइन नंबर 181 पर शिकायत करते हैं तो शिकायतों को बंद कराने के लिए दबाव बनाया जाता है। जिसके कारण लोग अपनी शिकायत वापस ले लेते हैं। दामोदर नामदेव ने कहा इस कालोनी में कभी भी कोई अधिकारी कर्मचारी देखने के लिए नहीं आता है कि यहां पर लोगों को शासन की योजनाओं और सुविधओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं। आज तक कचरा गाड़ी नहीं आई है।

### चार माह से बन रहा नाला, फिर भी अधूरी

वहीं इस कालोनी में नगर परिषद द्वारा भटरिया से आने वाले जंगल के पानी को नगर के बाहर निकालने के लिए नाला निर्माण कराया जा है। इसमें कहीं-कहीं पर नाला की जगह नालियां बनाकर खानापूर्ति कर ली गई है। इसी तरह कालोनी में भी बीते चार माह से एक तरफ नाला बनाने का काम चल रहा है, लेकिन आज तक पूरा नहीं बन पाया है। घरों के सामने नाला खोदकर छोड़ दिया गया है। जिससे निकलने में दिक्कत हो रही है। संजय खरे ने कहा कि 20 दिन से मेरे घर सहित अन्य लोगो के घरों के सामने ठेकेदार द्वारा नाला खोदकर खुला छोड़ दिया है। जिससे छोटे छोटे बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं और घरों से निकलने में दिक्कत हो रही है। नगर परिषद सीएमओ प्रेम सींग चौहान और उपयंत्री भूपेंद्र सिंह से कई बार शिकायत कर चुके है, पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### बल्लियों के सहारे बिजली लाइन

यह मार्ग गौशाला की ओर भी जाता है और करीब 150 लोग निवास करते हैं। लेकिन यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्योंकि लोग घर बनाकर रहने तो लगे हैं और टैक्स भी अदा कर रहे हैं, लेकिन सुविधा कुछ भी नहीं है। घरों में लाइट जरूर आती है, लेकिन बल्लियों के सहारे। पर्याप्त विद्युत खंबा नहीं है। जिस कारण घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए बल्लियों के सहारे डोरियां डाली गई है। इस वजह से डोरियों का मकड़जाल फैला हुआ है। अब बारिश के दिनों में करंट लगने का डर लोगों को सता रहा है। क्योंकि आंधी, तूफान में ये बल्लियां उखड़ जाती है और बिजली डोरी टूटने से करंट फैल जाता है। कभी-कभी तो कॉलोनी में बिजली दिनभर या फिर रातभर बंद रहती है।

# मंदिर में श्रद्धालुओं के लिये बेहतर व्यवस्थायें हों

## कलेक्टर एसपी ने बांदकपुर में व्यवस्थाओं को लेकर ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सावन सोमवार 22 जुलाई से प्रारंभ हो रहे हैं और 2 तारीख को सोमवती अमावस्या भी है, इसके मद्देनजर तीर्थ क्षेत्र बांदकपुर जिसे 13 वां ज्योतिर्लिंग भी कहा जाता है, यहां पर प्रति सोमवार लगभग 60 से 70 हजार श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसको देखते हुए यहां की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक के साथ भ्रमण कर बांदकपुर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया । यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज बांदकपुर में श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं के संबंध में मंदिर समिति के साथ बैठक में कही। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एसडीएम एलआर बागरी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, एडवोकेट सुरेश मेहता, एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव, पंडित कृपाल पाठक सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण एवं समिति सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने समिति सदस्यों के साथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा समिति और बाकी सभी अधिकारियों के साथ बैठक ली है, सारी व्यवस्थाओं का पूरा जायजा लेकर सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं, ताकि 22 जुलाई से जब सावन सोमवार शुरू होंगे तो जितने भी श्रद्धालु यहां पर आएंगे उन सभी का अनुभव आनंदमय हो, वे पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान के दर्शन और पूजन कर सकें, इसके लिए सुरक्षा, साफ-सफाई, दर्शन के लिये पंक्तिबद्ध रूप से श्रद्धालुओं के जाने और आने की व्यवस्था, निकास और प्रवेश, एबुलेंस-चिकित्सा, फायरफाइटर, जनरेटर, विद्युत, ट्रैफिक, पार्किंग यह सब भी पूरी तरह से सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा बाकी सभी लॉजिस्टिक और दूसरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार के असुविधा ना हो, इस पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। सावन सोमवार की समाप्ति के बाद 2 तारीख को सोमवती अमावस्या का कार्यक्रम भी है, उसमें और अधिक लगभग 1 से 2 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, उसके लिए भी माइक्रो प्लानिंग की जा रही हैं उसके अनुसार व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेंगी ताकि किसी भी प्रकार की दिक्कत श्रद्धालुओं को ना हो। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा आज बांदकपुर मंदिर का भ्रमण किया है, अगले सोमवार से सावन का महीना शुरू हो रहा है और उसके बाद हर हफ्ते सोमवार की जो व्यवस्था रहने वाली है, उसके संबंध में यहां की समिति के अधिकारियों से चर्चा हुई है, जो भी निर्देश समिति को हमारी तरफ से जारी होने थे उनको डिस्कस करके बता दिया गया है, उनकी जो अपेक्षा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से है, व्यवस्था लगाने में, सुरक्षा देने में और बाकी चीजों को लेकर उन पर भी चर्चा की गई है, इसके लिए थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने हमारा प्रयास रहेगा कि जो भी श्रद्धालु यहां पर दर्शन के लिए आ रहे हैं, वह अच्छा अनुभव लेकर जाएं और किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो।

# बांदकपुर कॉरिडोर का निर्माण को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** बुंदेलखंड अति प्रसिद्ध और प्राचीन हिंदू तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में कॉरिडोर का निर्माण किया जाना है इसके संदर्भ में संस्कृति और पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा लगभग 100 करोड़ की राशि की घोषणा की गई है इस संदर्भ में आज जिले के अनेक शिव भक्तों, हिंदू समाज के अनेक संगठनों के पदाधिकारियो और प्रतिनिधिमंडल ने दमोह लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद राहुल सिंह लोधी से वैशाली नगर स्थित आवास पर सौजन्य भेंट करते हुए एक ज्ञापन पत्र सौपा है जिसमें उल्लेख किया गया है कि बांदकपुर मंदिर के चारों ओर कॉरिडोर का निर्माण हो, मंदिर परिसर का विस्तारीकरण हो साथ ही मंदिर का मुख्य हाथी द्वारा यथावत रखते हुए निर्माण कार्य किए जाएं इस अवसर पर समस्त भक्तों ने नव निर्वाचित सासंद को ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने पर प्रसाद, श्रीफल पुष्पहार और भगवान भोलेनाथ का चित्र भेंटकर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि भक्तों के मंशा के अनुरूप ही कॉरिडोर का निर्माण होगा साथ ही हम शीघ्र ही विभागीय मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सहित सभी जनप्रतिनिधियो,प्रशासनिक अधिकारियों, कमेटी और भक्तों के साथ बैठक आयोजित कर इसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार करेंगे ताकि भोलेनाथ का दरबार भव्य और दिव्य बन सके। सांसद राहुल सिंह जी से चर्चा में हिंदू समाज के प्रतिनिधिमंडल में दमोह शहर व जिले के अनेक वरिष्ठ धार्मिक सामाजिक जनों,धर्म प्रेमियों व अनेक पार्टियों,संगठनों,समाजों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# झलौन में आर्यिका संघ की हुई भव्य अगवानी



**झलौन।** समाधिस्थ आचार्य भगवंत श्री 108 विद्या सागर जी महा मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से एवं प.पू.105 आर्यिका श्री दृढमति माता जी, प.पू.105 आर्यिका श्री आदर्श मति माता जी के मंगल आशीर्वाद से प.पू.आर्यिका श्री 105 अखंड मति माता जी, प.पू. आर्यिका श्री 105 अभेद मति माताजी, प.पू. आर्यिका श्री 105 संयम मति माताजी, प.पू. आर्यिका श्री 105 स्वभाव मति माताजी का का मंगल चातुमार्स धर्म नगरी झलोंन में होने जा रहा है। गुरूवार को आर्यिका संघ की मंगल अगवानी झलौन ग्राम में की गई। इस दौरान गाजे बाजे के साथ जुलूस के रूप में भव्य अगवानी की गई। लोगो का कहना था कि यह चार महीने चातुर्मास के हम सभी के लिए धर्म आराधना एवं अपना आत्म कल्याण करने के लिए और अपने भाव को सरल और कोमल बनाने के लिए और धर्म ध्यान करने का यह सबसे उत्तम अवसर हम सभी को मिल रहा है। भव्य अगवानी में भव्य जलूस बाजों के साथ सभी पाठशाला के बच्चे, युवा मंडल, अखिल भारतीय महिला मंडल , बालक मंडल , बालिका मंडल एवं समस्त जैन समाज के सभी लोगों ने आर्यिका ससंघ धूम धाम के साथ अगवानी की। आर्यिका श्री 105 अखंड मति माता जी की भव्य अगवानी सकल दिगंबर जैन समाज झलोंन द्वारा पूर्ण भव्यता के साथ की गई जिसमें परिषद की सभी बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अलग अलग कलश एवं द्रव की थाली सजाई गई। रंगोली एवं द्वार द्वार पर पाद प्रक्षालन आरती की गई। उसके के पश्चात मंदिर जी में सभी धर्म प्रेमी बंधुओ ने माता जी के प्रवचनों का धर्म लाभ लिया।

### मूंग एवं उड़द के उपार्जन हेतु 31 जुलाई तक की जाएगी खरीदी

**दमोह।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस सपोर्ट स्कीम योजनान्तर्गत ग्रीष्म कालीन फसल मूंग एवं उड़द के लिये जिले में 31 जुलाई 2024 तक खरीदी की जाएगी। खरीदी हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़ कर की जाएगी एवं स्लॉट की अवधि 5 कार्य दिवस होगी। कृषक बंधु अपनी मूंग एवं उड़द की उपज के उपार्जन हेतु निर्धारित तिथि तक स्लॉट बुकिंग कर तुलाई करा सकते हैं। जिन कृषकों द्वारा पंजीयन के समय उक्त दस्तावेज उपार्जन समिति को उपलबध करा दिए गए है उनको पुनः दस्तावेज उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं हैं।

# बड़े जटाशंकर धाम कुंड की तरह है आमघाट का भदभदा घाट कुंड



**बनवार।** जबेरा के सिंग्रामपुर कंजई रोड पर ग्राम आमघाट से दो किलोमीटर की दूरी पर दुर्गम पथरीले रास्ते से घनघोर जंगल में स्थित भदभदा जलकुंड प्राकृतिक जलकुंड है, जो बड़े जटाशंकर कुंड की तरह दिखाई देता है। चारों तरफ पत्थर की चट्टानों के घिरा हुआ प्राकृतिक स्नानागार स्वीमिंगपूल की तरह है। यह प्रकृति का वरदान है, जहां झाड़ियों के बीच पर्वतों से आती हुई जलधारा कल कल करती हुई जलकुंड में समाहित होती है। नीले रंग का जल, शांत माहौल में पक्षियों की मधुर आवाज आनंद से भर देती है। जलकुंड की विशेषता है कि चारों ओर चट्टानों में नीले का रंग का कंचन जल भरा हुआ है। इसकी गहराई 4 से 5 फीट है, जो कि प्राकृतिक स्नानागार की तरह बना हुआ है। सबसे विलक्षण तथ्य यह है कि मानों प्रकृति ने खूब सोच समझकर इसका निर्माण किया हो, यहां की धरती से स्वतः ये झरने निकलते हैं। युवाओं के लिए खूब मौजमस्ती के लिए यह प्राकृतिक स्नानागार वरदान साबित हो गया है। जबेरा के युवाओ ने लॉकडाउन के समय पर इस जलप्रपात की खोज की गई जो अब प्राकृतिक स्नानागार के रूप में खूब प्रसिद्धि हो रहा है बच्चो के साथ यहां यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का खूब आनंद उठाते है प्राकृतिक स्नानागार में खूब नहाते हैं और मस्ती करते हैं।